संचिका सं0–7/MCH -35-22/2025-.........43...(78)

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शंभु शरण भा०प्र०से०,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

द्वाराः– **आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।**

पटना, दिनांक–03/02/2026

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य के विभिन्न 09 ए०एन०एम० एवं 03 जी०एन०एम० संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों के छात्रवृति/वजीफा के भुगतान हेतु कुल रू0 1,53,54,602/- (रूपये एक करोड़ तिरपन लाख चौवन हजार छः सौ दो) मात्र के व्यय के निमित स्वीकृति।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–1017(1), दिनांक–30.11.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य के विभिन्न 09 ए०एन०एम० एवं 03 जी०एन०एम० संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों के छात्रवृति/वजीफा के भुगतान हेतु कुल रू0 1,53,54,602/- (रूपये एक करोड तिरपन लाख चौवन हजार छः सौ दो) मात्र (अनुलग्नक–1 के अनुरूप) के व्यय के निमित स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

(2) इस पर होने वाले व्यय का वहन मांग सं0–20 के अंतर्गत स्थापना एव प्रतिबद्ध व्यय बजट मुख्य शीर्ष–2210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, उप मुख्यशीर्ष–05–चिकित्सा शिक्षा–प्रशिक्षण तथा अनुसंधान, लघु शीर्ष–105–एलोपैथी, उपशीर्ष–0012–प्रशिक्षण नर्स, विपत्र कोड–20-2210-05-105-0012 अंतर्गत छात्रवृति/वजिफा' (34–01) मद में उपबंधित/प्रथम अनुपूरक आगणन से प्राप्त राशि से विकलनीय होगा।

(3) इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, संबंधित संस्थान के प्राचार्य/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/संबंधित जिला के असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी होगे एवं नियंत्री पदाधिकारी, संबंधित प्रमंडल के क्षेत्रीय अपर निदेशक, बिहार होंगे।

(4) निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी वित विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अद्यतन परिपत्रों के आलोक में राशि की निकासी विहित प्रपत्र के माध्यम से करते हुए संबंधित छात्रो को उपलब्ध करायेंगे।

(5) राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार से की जायेगी ।

(6) यह स्वीकृत्यादेश वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561/वि(2), दिनांक–17.04.1998 के प्रावधानों के अधीन निर्गत किया जा रहा है।

(7) वित्त विभाग द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में व्यय की गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र नियमानुसार BTC Form-42A पर तैयार करते हुए महालेखाकार, कार्यालय, बिहार, पटना को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(8) प्रारूप में आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं०–7/MCH -35-22/2025 के पृष्ठ–27/टि० पर प्राप्त है।

(9) इसमे सचिव, स्वास्थ्य विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

(10) यह मात्र स्वीकृत्यादेश है, आवंटित राशि CFMS के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

(11) संबंधित प्रस्ताव मे महालेखाकार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नही है ।

विश्वासभाजन,

3/2/26

(शंभु शरण)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः– 7/MCH -35-22/2025-......43(7B) /स्वा0, पटना, दिनांकः–03/02/2026

प्रतिलिपि–वित्त विभाग (बजट शाखा) बिहार, पटना/संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी/संबंधित क्षेत्रीय अपर निदेशक/कोषागार पदाधिकारी, संबंधित जिला कोषागार, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–संबंधित असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी/संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/संबंधित प्रभारी प्राचार्य–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख (प्रशासन), स्वास्थ्य सेवाएँ/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–07बी एवं संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

अनुलग्नक:—1

विभिन्न सरकारी ए०एन०एम०/जी०एन०एम० संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों के छात्रवृति/वजीफा के भुगतान हेतु आवंटित की जाने वाली राशि—

क्रम सं०	जिला का नाम	आवंटित राशि (रूपये में)
1	ए०एन०एम० स्कूल, भोजपुर	16,00,000
2	ए०एन०एम० स्कूल, नवगछिया, भागलपुर	2,86,850
3	ए०एन०एम० स्कूल, नरकटियागज, पश्चिम चम्पारण	8,92,000
4	ए०एन०एम० स्कूल, बाढ़	20,00,000
5	ए०एन०एम० स्कूल, इस्लामपुर, नालन्दा	15,00,000
6	ए०एन०एम० स्कूल, सदर अरवल	10,12,981
7	ए०एन०एम० स्कूल, किशनगंज	5,00,000
8	ए०एन०एम० स्कूल, अरेराज, पूर्वी चम्पारण	8,74,531
9	ए०एन०एम० स्कूल, कटिहार	6,50,000
10	जी०एन०एम० स्कूल, सी०एच०सी०, राजापाकर, वैशाली	30,38,240
11	जी०एन०एम० स्कूल, महुली, जमुई	15,00,000
12	जी०एन०एम० स्कूल, एस०डी०एच०, महाराजगंज, सिवान	15,00,000
	कुल—	**1,53,54,602**

42 (7B) 03/02/2026

(रूपये एक करोड़ तिरपन लाख चौवन हजार छः सौ दो) मात्र

सरकार के अपर सचिव